# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)**

| कक्षा-10 | विषय- हिंदी 'बी' | समय- 3घंटा | पूर्णांक- 80 |
|---|---|---|---|

सामान्य निर्देश :

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें।**
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **कुल प्रश्नों की संख्या 52 है।**
- **प्रश्न 1 से 30 तक बहुविकल्पिय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।**
- **प्रश्न संख्या 31 से 38 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 2 अंक निर्धारित है।**
- **प्रश्न संख्या 39 से 46 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 3 अंक निर्धारित है।**
- **प्रश्न संख्या 47 से 52 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 5 अंक निर्धारित है।**

---

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**(अपठित बोध)**

**.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन करें। (1X5=5)**

संसार में प्रत्येक वस्तु उसी सीमा तक सुंदर है, जिस सीमा तक वह जीवन की विविधता के साथ सामंजस्य की स्थिति बनाए हुए है और प्रत्येक विरूप उसी सीमा तक विरूप है, जिस सीमा तक वह जीवन-व्यापी सामंजस्य को भिन्न-भिन्न करती है। अतः यथार्थ का दृष्टा जीवन की विविधता में व्याप्त सामंजस्य को बिना जाने अपना निर्णय उपस्थित नहीं कर पाता और करे भी तो उसे जीवन की स्वीकृति नहीं मिलती और जीवन के सजीव स्पर्श के बिना केवल सुंदर को एकत्र कर देने का वही परिणाम अवश्यंभावी है, जो नरक-स्वर्ग की सृष्टि का हुआ करता है।

संसार में सबसे अधिक दंडनीय वह व्यक्ति है जिसने यथार्थ के कुत्सित पक्ष को एकत्र कर नरक का अविष्कार कर डाला, क्योंकि इस चित्र ने मनुष्य की सारी बर्बरता को चुन-चुन कर ऐसे ब्योरेवार ढंग से प्रदर्शित किया कि जीवन के कोने-कोने में नरक गढ़ा जाने लगा। इसके उपरांत उसे यथार्थ के अकेले सुखपक्ष को पूंजीभूत कर इस तरह सजाना पड़ा कि मनुष्य उसे खोजने के लिए जीवन को छिन्न-भिन्न करने लगा।

1. इस गद्यांश में किस बात के प्रति सतर्क किया गया है?

A. बुद्धि के अतिरेक के प्रति
B. कल्पना के अतिरेक के प्रति
C. यथार्थ की एकांगी अभिव्यक्ति के प्रति
D. सौन्दर्य के अतिरेक के प्रति

2. सुंदर वह है जो __________ करती है।

A. व्यवस्थित B. सामंजस्य C. समन्वय D. विच्छिन्न

3. सबसे दंडनीय व्यक्ति कौन है?

A. सौन्दर्य का वीभत्स रूप प्रस्तुत करने वाला

B. वीभत्स का सौन्दर्यीकरण करने वाला

C. यथार्थ का घिनौना रूप प्रस्तुत करने वाला

D. कल्पना को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करने वाला

4. सौन्दर्य कब उपयोगी होता है?

A. जब जीवन का स्पर्श मिलता है

C. जब कल्पना का स्पर्श मिलता है

B. जब बुद्धि का स्पर्श मिलता है

D. जब भावना का स्पर्श मिलता है

5. किस उपमा का उपयोग चुनौतीपूर्ण स्थितियों में सकारात्मकता देखने की महत्ता को जताने के लिए किया गया है?

A. कठिनाइयों को अदृश्य करना

B. कांटों के बीच फूलों को पालना

C. अंधकार को एक दोस्त के रूप में ग्रहण करना

D. रेगिस्तान में मिराज़ के पीछे भागना

**प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।(1X5=5)**

*रवि-भोर सुनहरा निकला,*
*पर खेल सबेरा नाचा,*
*भू-भार कनक-गिरी पिघला,*
*भूगोल मही का बदला।*
*नवजात उजेला दौड़ा,*
*कन-कन बन गया रुपहला.*
*मधुगीत पवन ने गाया,*
*संगीत हुई यह धरती,*
*हर फूल जगा मुस्काया।*

6. प्रातःकालीन सूर्य को कवि किस रूप में देखता है?

A. सबेरा होने पर निकलने वाले सूर्य के रूप में B. भोर के रूप में

C. सुनहरे रंग के रूप में    D. सुनहरे रंग के भोर के रूप में

7. 'कनक' किसका पर्यायवाची है?

A. सोना    B. रवि    C. महानता    D. आकाश

8. उजाले को कवि कैसा बताता है?

A. नाचता और गाता हुआ    B. दौड़ता और भागता हुआ
C. नया और दौड़ता हुआ    D. रुपहला और पिघलता हुआ

9. हवा के गीत गाने से पृथ्वी पर कैसा प्रभाव पड़ा?

A. धरती का कण-कण जाग गया

B. हवा चलने लगी और धरती प्रसन्न हो गई

C. धरती के कण-कण में संगीत ध्वनित हो सका

D. धरती के संगीत को सुनकर अपनी नींद तोड़ दी

10. इस कविता के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या है?

A. रवि का आगमन    B. धरती का सौन्दर्य    C. आकाश का रंग    D. फूल और धरती

**(व्याकरण)**

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें।** **(1X10=10)**

11.. 'चिर-चीर' के अर्थ लिखे गए हैं सही विकल्प का चयन करें-

A. वस्त्र, पुराना    B. नया, पुराना

C. सदैव, वस्त्र    D. सुंदर, पुराना

12. कोयल का पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित में से कौन नहीं होगा?

A. कोकिल    B. श्यामा

C. पिक    D. खेचर

13. 'श्रद्धानंद' का संधि विच्छेद निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. श्रद्धा+आनंद    B. श्राद्ध+नंद    C. श्रद्धा+नंद    D. श्रद्धा+आनंदा

14. 'आग बबूला होना' मुहावरा का सही अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

A. बहुत गुस्सा होना    B. बहुत प्रेम करना    C. आग जलाना    D. खुश होना

15. 'रक्षा' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग करके 'सुरक्षा' शब्द बना है?

A. सा    B. सु    C. सो    D. सि

16. 'इतिहास' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से नया शब्द कौन-सा बनेगा?

A. इतिहासिक B. एतिहासिक C. ऐतिहासिक D. ऐतिहासीक

17. जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने पकड़ लिया।' रचना के आधार पर वाक्य पहचानें-

A. सरल वाक्य B. संयुक्त वाक्य C. मिश्र वाक्य D. उपवाक्य

18. 'पाप-पुण्य' सामासिक पद में कौन-सा समास है?

A. अव्ययीभाव B. द्वंद्व C. बहुव्रीहि D. द्विगु

19. आज़ादी का विलोम निम्नलिखित में से क्या होगा?

A. स्वतंत्रता B. स्वच्छंदता C. गुलामी D. मुक्ति

20. 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या होगा?

A. जो महान होते हैं उनकी प्रतिभा बचपन में ही दिखाई पड़ती है

B. जो महान होते हैं उनकी प्रतिभा बड़े होने पर दिखाई पड़ती है

C. जो महान होते हैं उनकी प्रतिभा बाद में दिखाई पड़ती है

D. जो महान होते हैं उनकी प्रतिभा कभी-कभी दिखाई पड़ती है

नवोन्मेष शोध नेतृत्व

**(पठित पद्यांश एवं गद्यांश)**

**प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

**(1X4=4)**

*गिरि का गौरव गाकर झर-झर*
*मद में नस-नस उत्तेजित कर*
*मोती की लड़ियों से सुंदर*
*झरते हैं झाग भरे निर्झर!*
*गिरिवर के उर से उठ-उठ कर*
*उच्चाकांक्षाओं से तरुवर*
*हैं झाँक रहे नीरव नभ पर*
*अनिमेष, अटल, कुछ चितापर।*

21. पर्वतों की छाती पर बहने वाले झरने कैसे लग रहे हैं?

A. शांत जल के समान B. वृक्षों के समान

B. रेत के समान D. मोतियों की लड़ियों के समान

22. निर्झरों द्वारा किसका गौरव गान किया जा रहा है?

A. पर्वतों का B. पेड़ों का C. पक्षियों का D. पशुओं का

23. ‘तरुवर’ का क्या अर्थ है?

A. बहुत ऊँचा आकाश B. बहुत ऊँचे प्राणी

C. बहुत ऊँचे वृक्ष D. बहुत ऊँची नदी

24. कौन किसका गौरव गान कर रहा है?

A. झरने पर्वतों का B. नदी झरनों का

C. आकाश नदियों का D. मनुष्य ईश्वर का

**प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

**(1X4=4)**

'संगम' की अद्भुत सफलता ने राजकपूर में गहन आत्मविश्वास भर दिया और उसने एक साथ चार फ़िल्मों के निर्माण की घोषणा की- 'मेरा नाम जोकर', 'अजन्ता', 'मैं और मेरा दोस्त' और 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्'। पर जब 1965 में राजकपूर ने 'मेरा नाम जोकर' का निर्माण आरंभ किया तब संभवतः उसने भी यह कल्पना नहीं की होगी कि इस फ़िल्म का एक ही भाग बनाने में छह वर्षों का समय लग जाएगा।

इन छह वर्षों के अंतराल में राजकपूर द्वारा अभिनीत कई फ़िल्में प्रदर्शित हुई, जिनमें सन् 1966 में प्रदर्शित कवि शैलेंद्र की 'तीसरी कसम' भी शामिल है। यह वह फिल्म है जिसमें राजकपूर ने अपने जीवन की सर्वोत्कृष्ट भूमिका अदा की।

25. किस फिल्म के बाद राजकपूर आत्मविश्वास से भर गए?

A. मेरा नाम जोकर B. संगम C. अजंता D. सत्यम शिवम् सुंदरम

26. ‘मेरा नाम जोकर’ का निर्माण कब आरंभ किया गया?

A. 1965 B. 1966 C. 1967 D. 1968

27. 1966 ई. में कवि शैलेन्द्र की कौन-सी फिल्म प्रदर्शित हुई?

A. संगम B. मेरा नाम जोकर C. तीसरी कसम D. सत्यम शिवम् सुंदरम

28. ‘तीसरी कसम’ फिल्म में किसने अपने जीवन की सर्वोत्कृष्ट भूमिका निभाई?

A. राजकपूर B. शैलेन्द्र C. लेखक D. इनमें से कोई नहीं

**निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।** **(1X2=2)**

29. टोपी की किस बात से घर में बवाल खड़ा हो गया था?

A. नौवीं कक्षा में फेल होने से B. माताजी को अम्मी बुलाने से

C. दोस्तों के साथ खेलने से D. पैसा चुराने से

30. ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों के मन में क्या है?

A. अपार श्रद्धा B. घृणा C. नफरत D. प्रेम

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

**. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें: (2X6=12)**

(31) मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?

(32) कवयित्री किसका पथ आलोकित करना चाह रही है?

(33) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया', इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?

(34) 'आत्मत्राण' कविता में कवि किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है?

(35) बड़े भाई साहब छोटे भाई से हर समय पहला सवाल क्या पूछते थे?

(36) कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था?

(37) शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना अलग क्यों होता है?

(38) सवार ने क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

**. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दें: (3X5=15)**

39. मीराबाई ने कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?

40. 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

41. कंपनी बाग़ में रखी गई तोप क्या संदेश देती है?

42. वामीरो से मिलने के बाद ताँतरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

43. 'गिरगिट' कहानी के माध्यम से समाज की किन विसंगतियों पर व्यंग्य किया गया है?

44. आपके विचार से कौन-से ऐसे मूल्य हैं जो शाश्वत हैं? वर्तमान समय में इन मूल्यों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दें: (3X1=3)**

(45) संधि और समास में अंतर स्पष्ट करें।

(46) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट करें।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। (5X2=10)**

(47.) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही जैसे क्यों लगने लगे?

(48) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर पी.टी.सर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(49) टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे, पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

**दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए: 5**

(50) **आदर्श विद्यार्थी -** संकेत बिंदु- विद्यार्थी का अर्थ, विद्यार्थी के गुण-जिज्ञासा, अनुशासन, सादा जीवन उच्च विचार; उपसंहार

(51) **विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम-** संकेत बिंदु- भूमिका, विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्देश्य, आरोग्य दूत की भूमिका, लाभ, उपसंहार

**52.** अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में माननीय विधायक को आमंत्रित करने के लिए बाल संसद की ओर से एक अनुरोध पत्र लिखिए। 5

नवोन्मेष शोध नेतृत्व
JCERT

# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

**उत्तरमाला:**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)**

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा- 10 | विषय- हिंदी 'बी' | भाग-A (बहुविकल्पीय प्रश्न) |

**प्रश्न सं. 1**

1.C. यथार्थ की एकांगी अभिव्यक्ति के प्रति

2.B. सामंजस्य

3.C. यथार्थ का घिनौना रूप प्रस्तुत करने वाला

4.A. जब जीवन का स्पर्श मिलता है

5.C. अंधकार को एक दोस्त के रूप में ग्रहण करना

6.D. सुनहरे रंग के भोर के रूप में

7.A. सोना

8.C. नया और दौड़ता हुआ

9.C. धरती के कण-कण में संगीत ध्वनित हो सका

10.A. रवि का आगमन

11.A. वस्त्र, पुराना

12.D. खेचर

13.A. श्रद्धा+आनंद

14.A. बहुत गुस्सा होना

15.B. सु

16.C. ऐतिहासिक

17.C. मिश्र वाक्य

18.B. द्वंद्व

19.C. गुलामी

20.A. जो महान होते हैं उनकी प्रतिभा बचपन में ही दिखाई पड़ती है

21.D. मोतियों की लड़ियों के समान

22.A. पर्वतों का

23.C. बहुत ऊँचे वृक्ष

24.A. झरने पर्वतों का

25.B. संगम

26.A. 1965

27.C. तीसरी कसम

28.A. राजकपूर

29.B. माताजी को अम्मी बुलाने से

30.A. अपार श्रद्धा

******